# 14 प्रमुख बाँध, सिंचाई परियोजनाएँ एवं जल संसाधन योजनाएँ

1. मानसी–वाकल जल सुरंग किस जिले में बनाई गई है–
(1) गंगापुर सिटी (2) उदयपुर
(3) शाहपुरा (4) सलूम्बर (2)

**व्याख्या–** मानसी–वाकल जल सुरंग अलसीगढ़ से उदरा घाटी तक 4.6 किमी लम्बाई में बनी है। इस जल सुरंग द्वारा मानसी वाकल नदियों का जल उदयपुर की झीलों में लाया जाता है।

2. हरिशचन्द्र सागर बाँध स्थित है?
(1) कोटा (2) शाहपुरा
(3) सलूम्बर (4) झालावाड़ (4)

**व्याख्या–** इस बाँध का पुराना नाम कालीसिंध बाँध था, बाद में इसका नाम बदलकर हरिश्चन्द्र सागर कर दिया गया।

3. मिट्टी से बना पांचना बाँध किस जिले में स्थित है?
(1) सीकर (2) गंगापुर सिटी
(3) करौली (4) डीग (3)

4. राजस्थान की निम्न सिंचाई परियोजनाओं के संबध में असुमेलित युग्म है?
(1) मुंडोती सिंचाई परियोजना– अजमेर
(2) बतीसा नाला सिंचाई परियोजना– सिरोही
(3) बांदी सेंदड़ा सिंचाई परियोजना– पाली
(4) सूकली सेलवाड़ा सिंचाई परियोजना– सिरोही (3)

**व्याख्या–** बांदी सेंदड़ा सिंचाई परियोजना जालौर जिले में है।

5. कृषि विभाग के नवीनतम आँकड़ों (2022–23) के अनुसार असत्य कथन छांटिये –
(1) नलकूपों द्वारा सर्वाधिक सिंचाई डीग में होती है।
(2) कुओं द्वारा सर्वाधिक सिंचाई झालावाड़ में होती है।
(3) तालाबों द्वारा सर्वाधिक सिंचाई टोंक में होती है।
(4) नहरों द्वारा सर्वाधिक सिंचाई गंगानगर में होती है। (1)

**व्याख्या–** राजस्थान में नलकूपों से सर्वाधिक सिंचाई जोधपुर जिले में होती है।

6. भाखड़ा नांगल परियोजना किन राज्यों की संयुक्त परियोजना है?
(1) राजस्थान, पंजाब, हरियाणा
(2) राजस्थान, हरियाणा, उत्तरप्रदेश
(3) राजस्थान, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश
(4) पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश (1)

7. मेजा बाँध का निर्माण किस नदी पर हुआ?
(1) कोठारी नदी (2) मान्सी नदी पर
(3) पार्वती नदी (4) इनमें से कोई नहीं (1)

8. मारवाड़ का अमृत सरोवर कौनसा बाँध कहलाता है?
(1) जवाई बाँध (2) माही बजाज सागर
(3) जाखम बाँध (4) विलास (1)

9. राजस्थान भूमिगत जल बोर्ड का मुख्य कार्यालय कहाँ पर स्थित है?
(1) जयपुर ग्रामीण (2) नीमकाथाना (3) अजमेर (4) जोधपुर (4)

10. माही बजाज सागर परियोजना राजस्थान व गुजरात की संयुक्त परियोजना है, जिसमें राजस्थान का प्रतिशत है–
(1) 55% (2) 60% (3) 50% (4) 45% (4)

11. निम्न को सुमेलित कीजिए–

| नदी | परियोजना |
|---|---|
| (A) भद्रावती नदी | i. बीसलपुर परियोजना |
| (B) बनास | ii. चूलीदेह सिंचाई परियोजना |
| (C) खारी नदी | iii. सोम कमला अम्बा परियोजना |
| (D) सोम | iv. नारायण सागर परियोजना |

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii | i | iv | iii |
| (2) | i | ii | iii | iv |
| (3) | iv | iii | ii | i |
| (4) | iii | iv | i | ii |

(1)

12. राणा प्रताप सागर बाँध पर स्थित परमाणु बिजलीघर की स्थापना किस देश की सहायता से की गई?
(1) ब्रिटेन (2) यू.एस.ए
(3) कनाडा (4) रूस (3)

13. हाइड्रोलोजी एंड वाटर मैनेजमेन्ट इंस्टीट्यूट कहाँ पर स्थित है?
(1) सलूम्बर (2) कोटा
(3) बीकानेर (4) जयपुर ग्रामीण (3)

14. निम्न को सुमेलित कीजिए–

| बाँध | जिला |
|---|---|
| (A) जवाई बाँध | i. खैरथल–तिजारा |
| (B) हरसौरा बाँध | ii. भीलवाड़ा |
| (C) छापरवाड़ा बाँध | iii. पाली |
| (D) मेजा बाँध | iv. दूदू |

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | iii | i | iv | ii |
| (3) | i | iv | iii | ii |
| (4) | iv | i | ii | iii |

(2)

15. सावन भादो परियोजना का सम्बन्ध किस नदी से है?
(1) आहू (2) सोम (3) माही (4) अरू (4)

16. 'सोम–कागदर' सिंचाई परियोजना किस नदी पर स्थित है–
(1) गोमती नदी (2) जाखम नदी
(3) सोम नदी (4) साबरमती नदी (3)

17. राजस्थान में सर्वाधिक भराव क्षमता वाला बाँध है–
(1) जवाहर सागर (2) बीसलपुर बाँध
(3) राणा प्रताप सागर (4) कोटा बैराज (3)

**व्याख्या–** राणा प्रताप सागर बाँध रावतभाटा (चित्तौड़गढ़) में स्थित है। इस बाँध का कार्य फरवरी 1970 में पूर्ण हुआ। यह 131 करोड़ रु. की लागत से बना है, इसे विश्व का सबसे सस्ता बाँध माना जाता है।

18. नीचे दी गई सिंचाई परियोजना एवं उनसे संबंधित जिले का कौनसा युग्म सही नहीं है–
(1) कालीसिंध परियोजना– डीडवाना–कुचामन
(2) जाखम परियोजना– प्रतापगढ़

(3) जवाई परियोजना– पाली
(4) मेजा बाँध परियोजना– भीलवाड़ा (1)

**व्याख्या–** कालीसिंध परियोजना झालावाड़ जिले में है।

19. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए

| सूची–I (सिंचाई परियोजना) | सूची–II (जिला) |
|---|---|
| (A) राजगढ़ परियोजना | i. बूँदी |
| (B) हथियादेह परियोजना | ii. बारां |
| (C) चाकण परियोजना | iii. कोटा |
| (D) तकली परियोजना | iv. झालावाड़ |

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | ii | iv | i | iii |
| (3) | iv | ii | i | iii |
| (4) | iv | ii | iii | i |

(3)

20. राजस्थान में सर्वाधिक सिंचित क्षेत्रफल वाला जिला है–
(1) गंगानगर (2) हनुमानगढ़
(3) कोटपूतली–बहरोड़ (4) डीग (1)

21. मुहाने के उद्गम की ओर चम्बल नदी पर स्थित बाँधों का सही क्रम है
(1) कोटा बैराज, जवाहर सागर, राणा प्रताप सागर, गाँधी सागर
(2) जवाहर सागर, कोटा बैराज, राणा प्रताप सागर, गाँधी सागर
(3) कोटा बैराज, जवाहर सागर, गाँधी सागर, राणा प्रताप सागर
(4) गाँधीसागर, राणा प्रताप सागर, जवाहर सागर, कोटा बैराज (1)

22. व्यास परियोजना किन राज्यों की संयुक्त परियोजना है?
(1) पंजाब, हरियाणा, राजस्थान
(2) मध्यप्रदेश, राजस्थान, पंजाब
(3) पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा
(4) राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश (1)

23. निम्न में से कौन सुमेलित नहीं है–
(1) चौली सिंचाई परियोजना – झालावाड़
(2) ल्हासी सिंचाई परियोजना – बारां
(3) सावन भादो परियोजना – कोटा
(4) पीपलाद सिंचाई परियोजना– डीग (4)

**व्याख्या–** पीपलाद सिंचाई परियोजना सूलिया चौकी ग्राम (अकलेरा, झालावाड़) में स्थित है।

24. जल जीवन मिशन कब से प्रारम्भ हुआ है?
(1) 2019–20 (2) 2018–19
(3) 2017–18 (4) 2020–21 (1)

**व्याख्या–** प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त, 2019 को इस मिशन की घोषणा की। इसके तहत् 2024 तक 100 से अधिक आबादी वाले गाँवों में घर–घर नल कनेक्शन से 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।

25. राजस्थान का सबसे लम्बा बाँध है–
(1) अजान बाँध (2) माही बजाज सागर
(3) बीसलपुर बाँध (4) बंध बारेठा (2)

**व्याख्या–** माही बजाज सागर बाँध 3109 मीटर लम्बा है। प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने इसे राष्ट्र को समर्पित किया था।

26. राष्ट्रीय जल विज्ञान परियोजना के तहत् राजस्थान के किस बाँध पर सर्वप्रथम स्काडा प्रणाली स्थापित की गई है–
(1) राणा प्रताप सागर (2) जाखम बाँध
(3) बीसलपुर बाँध (4) माही बजाज सागर (3)

**व्याख्या–** राष्ट्रीय जल विज्ञान परियोजना 2016–17 में प्रारम्भ हुई, यह परियोजना वर्ष 2016 से मार्च 2024 तक थी, जिसे अब सितम्बर 2025 तक अवधि बढ़ा दी गई है।

27. राजस्थान जल क्षेत्र आजीविका सुधार परियोजना किस संस्था के आर्थिक सहयोग से प्रारम्भ की गई है–
(1) विश्व बैंक ½2½NDB
(3) यूनिसेफ (4) JICA (4)

28. भू–जल की रासायनिक जाँच हेतु गठित प्रयोगशालाओं का सही युग्म है?
(1) जयपुर, जोधपुर, उदयपुर
(2) जयपुर ग्रामीण, कोटा, बाड़मेर
(3) जयपुर, नीमकाथाना, फलौदी
(4) जयपुर, जोधपुर ग्रामीण, बालोतरा (1)

29. अटल भूजल योजना कब से प्रारम्भ की गई है?
(1) 1 जनवरी, 2020 (2) 1 अप्रैल, 2020
(3) 20 अगस्त, 2019 (4) 25 दिसम्बर, 2018 (2)


**व्याख्या–** यह योजना विश्व बैंक की सहायता से संचालित है, यह योजना 5 वर्षों (2020–25) तक के लिए है। राजस्थान सरकार को पाँच वर्षों के लिए 1189.65 करोड़ की बजट राशि आवंटित की गई है।

30. निम्न में से सेना के लिए प्रारम्भ की गई परियोजना है?
(1) सुजलम परियोजना (2) गागरीन परियोजना
(3) सरजू सागर परियोजना (4) रेवा पेयजल परियोजना (1)

**व्याख्या–** यह परियोजना मुख्यत: सेना के लिए प्रारम्भ की गई थी। यह खारे पानी को मीठा पानी करने की योजना है।

Dhindhwal Publication

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –










टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।